कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 26.06.2025

विषयः-रामनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की 01 अदद मोटर साइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा गम्भीर अपराधों की रोकथाम हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली के क्रम में व श्रीमान् प्रभारी निरीक्षक महोदय के निर्देशन में दिनांक 25/06/2025 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहन व व्यक्ति की चेकिंग के दौरान संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को पकड़कर नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम प्रदीप कुमार पुत्र राम सिंह निवासी सुकृत थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष बताया। मोटर साइकिल नम्बर UP 65 DP 5767 के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछने पर बताया कि यह गाड़ी मैने एक व्यक्ति से खरीदा था। मोटर साइकिल नम्बर UP 65 DP 5767 के बारे में विस्तृत जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि इस मोटर साइकिल का वास्तविक नम्बर UP 70 FF 4172 हीरो स्पेलेन्डर है जो किसी अन्य व्यक्ति की है जिनकी मोटर साइकिल देवी बंधा फार्म खीरी प्रयागराज से चोरी हुई थी जिसके सम्बन्ध में थाना खीरी जनपद प्रयागराज में मु0अ0सं0-0123/2025 पंजीकृत है। अभियुक्त प्रदीप कुमार को कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस में लिया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पंजीकृत अभियोग का संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 25/06/2025 को वादी मुकदमा उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी की लिखित फर्द के आधार पर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0-0139/2025 धारा 317(2)/317(5)/318(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ विवरण :-

हिरासत में लिये गये अभियुक्त प्रदीप ने पूछताछ के क्रम में बताया कि यह मोटर साइकिल मैने एक व्यक्ति से लिया था फर्जी नम्बर प्लेट के बारे में पूछने पर बताया कि यह मोटर साइकिल चोरी की है इसलिए मै नम्बर प्लेट को बदलकर चला रहा था जिससे कि कोई पकड़ न पाये लेकिन आज आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-

प्रदीप कुमार पुत्र राम सिंह निवासी सुकृत थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण :-

01 अदद मोटर साइकिल नम्बर UP 65 DP 5767 वास्तविक नम्बर UP 70 FF 4172

गिरफ्तारी / बरामदगी का दिनांक व स्थान :-

दिनांक 25/06/2025 गिरफ्तारी का स्थान मिर्जापुर वाराणसी मार्ग स्वास्तिक बिल्डिंग के सामने।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-

1. प्र0नि0 श्री दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री जय प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय चौकी प्रभारी भीटी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

4. उ0नि0 श्री अमित त्रिपाठी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 श्री जगदीश नारायण त्रिपाठी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. उ0नि0 श्री अनुराग कृष्ण पाण्डेय रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. हे0का0 सत्यदेव गौड़ थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 श्रीकान्त वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी